गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यधारा में उनका स्वागत किया

गृह मंत्री ने बाकी नक्सलियों से भी हथियार त्याग कर मुख्यधारा में आने की अपील की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीति स्पष्ट है कि हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाने वाले नक्सलियों का पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा

हमारा संकल्प है कि 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद केवल इतिहास बनकर रह जाएगा

प्रविष्टि तिथि: 30 MAR 2025 6:21PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 50 नक्सलियों द्वारा हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यधारा में उनका स्वागत किया है। बाकी नक्सलियों से भी हथियार त्याग कर मुख्यधारा में आने की अपील करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीति स्पष्ट है कि हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाने वाले नक्सलियों का पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद केवल इतिहास बनकर रह जाएगा।

X पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा, “बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूँ। मोदी जी

की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएँगे, उनका पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। बाकी लोगों से भी मैं पुनः अपील करता हूँ कि वे हथियार त्याग कर मुख्यधारा में आएँ। 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद केवल इतिहास बनकर रह जाएगा, यह हमारा संकल्प है।”

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूँ। मोदी जी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएँगे, उनका Show more

4:54 PM · Mar 30, 2025

2.9K Reply Copy link

Read 93 replies

****

RK/VV/RR/PR

(रिलीज़ आईडी: 2116856) आगंतुक पटल : 196

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Odia , English , Marathi , Bengali , Punjabi , Gujarati , Tamil , Malayalam